आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- अट्ठारहवां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा।
- पीएम किसान मानधन योजना के सात वर्ष पूरे– छोटे और सीमांत किसानों को 3000 रुपये की पेंशन देने का है प्रावधान।
- द्वीपसमूह में जल संकट को देखते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय, की ओर से सार्वजनिक सुझाव आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया है।
- पर्यटन निदेशालय की ओर से विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में प्रचार वीडियो व रील प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

<><><><><><><>

अट्ठारहवां ब्रिक्स सम्मेलन आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू होगा। लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण विषय के साथ दो दिनों तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले 11 देश शामिल होंगे। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन के दौरान, ब्रिक्स सदस्य देशों के नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ब्रिक्स सम्मेलन 2026 भारत की अध्यक्षता में हो रहा है। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में दुनिया के कई बड़े नेता भाग लेंगे। सम्मेलन की शुरुआत ब्रिक्स सदस्य देशों के लिए 'समावेशी वैश्विक शासन व्यवस्था और बहुपक्षवाद को मज़बूत करना' विषय पर सत्र से होगी। प्रधानमंत्री आज सम्मेलन के बाद ब्रिक्स नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह योजना वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू की गई थी। योजना के अंतर्गत छोटे और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद हर महीने कम से कम तीन हजार रुपये की पेंशन सुनिश्चित की गई है।

पिछले सात वर्षों में पीएम किसान मानधन योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरी है।

<><><><><><><>

ऑल इंडिया किसान सभा का छठा अंडमान–निकोबार राज्य सम्मेलन हाल ही में डिगलीपुर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में नई राज्य समिति का गठन करते हुए डॉ. गौरांग मांझी को अध्यक्ष, अविराम मजूमदार को सचिव और के.पी. पॉल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव भी चुने गए। तेलंगाना में पन्द्रह से अट्ठारह नवंबर तक होने वाले ऑल इंडिया किसान सभा के छत्तीसवें अखिल भारतीय सम्मेलन में डॉ. गौरांग मांझी, अविराम मजूमदार, एस.आर. मृधा और दिलीप कर्मकार अंडमान निकोबार द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से कल कॉलेज छात्रों और आम जनता के लिए 5 किलोमीटर की राज्य स्तरीय मैराथन 'रेड रन' का आयोजन किया गया। दौड़ में द्वीपसमूह के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों सहित 150 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया। इस दौड़ को मुख्य अतिथि संध्या किस्पोट्टा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रता साहा ने एचआईवी तथा एड्स के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। कॉलेज स्तर के पुरुष और महिला दोनों वर्गों के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की ओर से आयोजित की जाने वाली 'राष्ट्र स्तरीय रेड रन' में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को औसत वार्षिक तीन हजार एक सौ मिलीमीटर वर्षा प्राप्त होने के बावजूद, जलवायवीय परिस्थितियों सहित विभिन्न कारणों से अक्सर जल संकट का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए, कलकत्ता उच्च न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच ने द्वीपसमूह में पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए सार्वजनिक सुझाव आमंत्रित करने का निर्देश दिया है।

उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, प्रशासन द्वारा पेयजल संकट के मुद्दे की जाँच करने और इसके समाधान के लिए उपयुक्त उपायों की सिफारिश करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति का भी गठन किया गया है। इस विशेषज्ञ समिति में प्रशासन, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय भूजल बोर्ड, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, आईआईटी खड़गपुर, राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान और अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति के प्रतिनिधि व विशेषज्ञ शामिल हैं। आम जनता, तकनीकी विशेषज्ञों, संस्थानों, पेशेवरों, शोधकर्ताओं, नागरिक समाज संगठनों और अन्य हितधारक द्वीप समूह में पेयजल संकट को दूर करने के लिए अपने सुझाव 15 दिनों के भीतर अंडमान लोक निर्माण विभाग के मेल पर भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 सितंबर को पर्यटन को नया रूप देने के लिए डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय के साथ विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाएगा। विश्व पर्यटन दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, पर्यटन निदेशालय द्वीपसमूह के पर्यटन आकर्षणों, अनुभवों, संस्कृति और विरासत को नवीन डिजिटल सामग्री के माध्यम से बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रचार वीडियो व रील प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतिभागी 1 से 3 मिनट की अवधि के लघु पर्यटन प्रचार वीडियो या रील बना सकते हैं, जिनमें द्वीपसमूह की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित किया गया हो। प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 23 सितंबर को शाम 4 बजे तक photounitiptdepartment@gmail.com के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशु चिकित्सा औषधालय, मंगलुटान की ओर से कॉफी बगीचा स्थित बकरी फार्म में वैज्ञानिक बकरी पालन पर 'किसान पाठशाला' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्यारी और कृषि विज्ञान केंद्र के विषय विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक बकरी प्रबंधन पद्धतियों के बारे में जानकारी दी।

इसके अलावा बकरियों के लिए कम लागत वाले और पौष्टिक आहार संसाधन की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रतिभागी किसानों को पशुधन इनपुट के साथ चारे के पौधे भी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की दिसंबर 2026 की सत्रांत परीक्षा पच्चीस नवंबर से शुरू होगी। पात्र छात्र तीस सितंबर तक छात्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। इसके बाद ग्यारह सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ एक अक्टूबर से पंद्रह अक्टूबर तक फॉर्म जमा किए जा सकेंगे। छात्रों से परीक्षा फॉर्म भरने से पहले इग्नू की वेबसाइट पर अपना पिछला परीक्षा परिणाम जांचने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए छात्र इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन, की ओर से चौदह से अट्ठारह सितंबर तक पाँच दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। चौदह सितम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे श्री गणपति होमम, विग्रह स्थापना, पूजा का कार्यक्रम रखा गया है। अट्ठारह सितंबर को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा।

<><><><><><><>